दैनिक भास्कर बिलासपुर 17 फरवरी 1994

सर्वश्रेष्ठ उत्पादकता उद्यमी अनिल अग्रवाल सम्मानित



बिलासपुर। राष्ट्रीय उत्पादक्ता सप्ताह के समापन दिवस पर आज युवा उद्यमी अनिल अग्रवाल को जिले के सर्वश्रेष्ठ उत्पादकता उद्यमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समापन समारोह की अध्यक्षता आर. के. मिश्रा अपर संचालक उद्योग, उद्योग संचालनालय भोपाल ने की।

जिला उद्योग संघ एवं संबंधित संस्थान द्वारा इस वर्ष से एक नई शुरूआत की गई है, जिसके तहत सर्वश्रेष्ठ उत्पादकता के लिए उद्यमी को पुरस्कृत करने का प्रावधान है। इसी कड़ी में मेट्रिक्स इंटरप्राइजेस औधोगिक ग्रोथ सेन्टर सिरगिट्टी के अनिल अग्रवाल को प्रशस्तीपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अनिल अग्रवाल विगत दस वर्षो से कंट्रोल–पेनल का निर्माण कर रहे है।

इस अवसर पर के.एस. धुर्वे संयुक्त संचालक उद्योग व्ही. के. व्योहार महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र हरीश केडिया अध्यक्ष म.प्र. लघु उद्योग संघ, कांतिलाल जोबनपुत्रा अध्यक्ष जिला उद्योग संघ एवं उपाध्यक्ष एस. के. मिश्रा ने राष्ट्रीय उत्पादक्ता सप्ताह पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में संघ के पदाधिकारी अनिल लुथरा उपाध्यक्ष, सुनील मारदा सचिव, बी.बी. हांडा सह सचिव, बाल कृष्ण मिश्रा कार्यकारिणी सदस्य तथा उद्योग विभाग के अनेक अधिकारीगणों का सराहनीय सहयोग रहा।